तापमान

अधिकतम .26 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 6 जनवरी 2026

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]



4 दो वर्षों में 297 कुपोषित बच्चों को मिला संपूर्ण उपचार व पोषण सहारा




## खबर संक्षेप

### हादसों में कमी लाने वाहनों पर लगाए गए रेडियम पट्टी

**रायगढ़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं ट्रैफिक डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता को लेकर लगातार विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा भारी वाहनों तथा सभी प्रकार के मालवाहक वाहनों पर रेडियम पट्टी लगाए जाने की कार्रवाई भी की जा रही है। यातायात पुलिस द्वारा हाईवे सहित प्रमुख मार्गों पर मालवाहक वाहनों के आगे एवं पीछे रेडियम पट्टी लगाई जा रही है, ताकि अंधेरे या कम रोशनी की स्थिति में वाहनों की स्पष्ट पहचान हो सके और आकस्मिक दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सके। ट्रैफिक डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह ने बताया कि रेडियम पट्टी की चमक से वाहन दूर से ही दिखाई देने लगते हैं, जिससे पीछे से आने वाले वाहन चालक समय रहते सतर्क हो जाते हैं और दुर्घटना की संभावना कम होती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और अधिक से अधिक मालवाहक वाहनों पर रेडियम लगाए जाएंगे, जिससे सड़क सुरक्षा को मजबूत किया जा सके और आमजन की जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### शिक्षिका का ट्रांसफर रूकवाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रायगढ़।** गांव में पदस्थ शिक्षिका के स्थानांतरण को रद्द करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए गांव वालों नें बताया कि शासन के द्वारा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में उनके गांव भूपदेवपुर में पदस्थ विज्ञान की शिक्षिका बेबी पटेल का भी स्थानांतरण हो गया है, वहीं स्कूल के दो शिक्षक पहले ही पदोन्नत होकर अन्यत्र स्थानांतरित हो चुके हैं और स्कूल के प्राचार्य भी रिटायर हो चुके हैं। विज्ञान की शिक्षिका का स्थानांतरण हो जाने से स्कूल एकल शिक्षकीय हो जाएगा और विज्ञान के शिक्षक की भी कमी हो जाएगी, जिसके कारण स्कूल के बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए उक्त स्थानांतरण के आदेश को रद्द किया जाए। शिक्षिका के स्थानांतरण को यथावत रखने के उद्देश्य से पहले ही ग्राम पंचायत के द्वारा सभा का आयोजन कर उक्त स्थानांतरण को रद्द करने का प्रस्ताव पास किया जा चुका है, इसलिए अब ग्रामवासियों ने कलेक्टर से भी स्थानांतरण आदेश को रद्द करने की मांग की है, जिससे स्कूल के बच्चों को पढ़ाई संबंधी समस्या का सामना ना करना पड़े।

### सुंदरगढ़ में नहीं हो पा रही 40 पत्थर खदानों की नीलामी

00 लीजधारकों के लिए कड़ी शर्तें चुनौती, निर्माण सामग्री की किल्लत बढ़ी

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले की लगभग 40 पत्थर खदानों की नीलामी अब तक नहीं हो पाई है, जिससे खनन और निर्माण सामग्री की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। खान विभाग ने नीलामी के लिए कड़े मानदंड तय किए हैं, जिनमें पत्थर ब्लास्टिंग, पर्यावरण सुरक्षा, श्रमिकों की सुरक्षा, विस्फोटक प्रबंधन और खदान क्षेत्र में पेड़ों की कटाई सहित सुरक्षा नियमों का पालन करना अनिवार्य है।

जिले में केवल 13 खदानों में ही खनन कार्य जारी है, जबकि अन्य खदानें लीज मिलने के बावजूद भी विभिन्न शर्तों का पालन न होने के कारण बंद पड़ी हैं। बालीशंकरा, बिसरा, डुमेरता, महीपानी, बणई, गुरुंडिया, हेमगिर, सारबहाल, कोइड़ा, लहुणीपाड़ा, लेफ्रीपाड़ा, लाठीकटा, राजगांगपुर, सबडेगा, पानपोष और राउरकेला तहसीलों की खदानों में लीज और शर्तों से संबंधित समस्याएं सामने आ रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, खनन में देरी के कारण मेटल, गिट्टी और चिप्स जैसी निर्माण सामग्री की किल्लत बढ़ रही है और इनकी कीमतों में वृद्धि हो रही है। प्रशासन ने अवैध

## विभाग द्वारा शासन को अभी भेजा गया है 81 स्कूलों के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव

# अगले सत्र में भी जर्जर स्कूलों मे ही पढ़ेंगे बच्चे, अब तक भवन नहीं हुआ तैयार





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए विभाग के द्वारा यूं तो कई बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। जिले के कई स्कूल जर्जर अवस्था में हैं, कई स्कूलों में कमरे नहीं हैं तो कई में शौचालय की कमी है।

इसके बाद भी अब तक इन स्कूलों की स्थिती सुधारने का प्रयास नहीं किया गया है। जिसकी वजह से अगले सत्र में भी बच्चे इन्हीं जर्जर भवनों में पढ़नें को मजबूर होंगे। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में कुल 200 स्कूल ऐसे हैं, जो कि जर्जर हालत में हैं। विभाग द्वारा इन स्कूलों को इस साल तक जीर्णोद्धार करना था, लेकिन अब तक इस पर कोई अमल नहीं किया जा सका। अब विभाग के द्वारा 81 स्कूलों का लिस्ट तैयार कर उनका जीर्णोद्धार कराने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव पास होने के बाद स्कूलों के जीर्णोद्धार काम शुरू होगा।

### दूसरे के घरों एवं बरामदों में संचालित हो रही कक्षांए

जिले में स्कूलों की स्थिती कैसी है, इसकी जानकारी इसी बात से लगाई जा सकती है कि, कई स्थानों पर स्कूल ग्रामीणों के घरों एवं बरामदों में संचालित की जा रहीं हैं। सबसे खराब स्थिती तो धरमजयगढ़ की है जहां के 26 स्कूल अन्य व्यक्तियों के घरों एवं बरामदों में लग रही हैं। इसी तरह पुसौर में भी कई स्कूलें इसी तरह संचालित की जा रही हैं। वहीं लैंलूगा, खरसिया विकासखण्ड के में तो कक्षाएं स्कूल के ही रसोई भवन में लग रही हैं।

### स्कूल जतन योजना केवल कागजों में

पूर्ववती सरकार के द्वारा स्कूलों के उन्नयन हेतु स्कूल जतन योजना चलाया गया था। जिसमें जर्जर हो चुके स्कूलों की स्थिती को सुधारा जाना था, लेकिन यह योजना केवल कागजों मे ही सिमट कर रह गई, धरातल में इसमें कोई अमल नहीं हो सका, जिसकी वजह से स्कूलों की स्थिती और दयनीय होती चली गई है।

> जिले के 81 स्कूलों के जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव बना कर नवंबर में शासन को भेजा गया है, अब तक स्वीकृती नहीं मिली है। स्वीकृती मिलते ही स्कूलों में काम शुरू कर दिए जाएंगे।
>
> **केवी राव**
> जिला शिक्षा अधिकारी



## कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा सीएचसी पुसौर में हुआ निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश एवं सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. अविनाश चन्द्रा एवं डीएनटी टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर में कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा एवं निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सीएचसी पुसौर में कुष्ठ रोग से संबंधित रिकॉर्ड एवं रिपोर्ट की विस्तृत जांच की गई। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद नायक के साथ कुष्ठ कार्यक्रम की प्रगति, उपचाराधीन प्रकरणों, दवा वितरण, फॉलोअप एवं सर्विलांस गतिविधियों पर चर्चा करते हुए आगामी कार्ययोजना पर सहमति बनाई गई। इसी क्रम में डूमरमुड़ा क्षेत्र में ग्रेड 2 अक्षमता से प्रभावित मरीज का साक्षात्कार लिया गया। मरीज की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति, उपचार की निरंतरता, पुनर्वास एवं सामाजिक सहयोग से जुड़े पहलुओं की समीक्षा कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके पश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिड़मिड़ा में कुष्ठ कार्यक्रम से संबंधित अभिलेखों की जांच की गई, जिसमें केस मैनेजमेंट, रेफरल प्रक्रिया एवं रिकॉर्ड संधारण की गुणवत्ता का आंकलन किया गया। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. अविनाश चन्द्रा ने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया कि कुष्ठ रोग की शीघ्र पहचान, समय पर उपचार, अक्षमता की रोकथाम तथा समुदाय स्तर पर जागरूकता को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने नियमित फील्ड विजिट एवं सतत निगरानी के माध्यम से कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। निरीक्षण एवं समीक्षा के दौरान संबंधित चिकित्सक, एनएमए एमपी साहू, एनएम, दिनेश यादव अन्य स्टाफ तथा कुष्ठ कार्यक्रम से जुड़े अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**खास बातें**
- सीएचसी पुसौर में कुष्ठ रोग से संबंधित रिकॉर्ड एवं रिपोर्ट की विस्तृत जांच की गई



## बढ़ते प्रदूषण को लेकर युवा कांग्रेस ने खून से लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में लगातार बढ़ते प्रदूषण के स्तर को लेकर सोमवार को युवा कांग्रेस के द्वारा गांधी प्रतिमा के पास अनोखा प्रदर्शन किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेसियों ने खून से पत्र लिखा गया। सोमवार को महात्मा गांधी चौक पर युवा कांग्रेस के सदस्य इकट्ठा हुए, इसके बाद जिले में बढ़ते प्रदूषण को लेकर नारेबाजी की गई।

प्रदर्शन के दौरान कहा गया कि रायगढ़ अब रहने लायक नहीं रहा है, हर घर इस पीड़ा से जूझ रहा है। उद्योगों से निकलने वाले धुएं और प्रदूषण से लोग परेशान हो चुके हैं। युवा कांग्रेस के सदस्यों के द्वारा खून से राष्ट्रपति और सीजेआई को पत्र लिखा गया, पत्र में लिखा गया कि रायगढ़ को प्रदूषण से बचाया जाए। सादे कागज पर खून से लिखा गया यह पत्र राष्ट्रपति, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस, एनजीटी, मुख्यमंत्री, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री समेत संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को भेजा जाएगा, ताकि रायगढ़ को प्रदूषण से मुक्ति दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जा सकें।

**पहले भी दिया जा चुका है ज्ञापन**

युवा कांग्रेस के सदस्यों ने बताया को खून से पत्र लिखकर रायगढ़ को बचा लो की अपील की गई है। जिसे राष्ट्रपति, चीफ जस्टिस, मुख्यमंत्री और अन्य अधिकारियों को भेजा जाएगा। प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। हमने पहले भी ज्ञापन सौंपा था, लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ। खून से पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए प्रदूषण की समस्या के निराकरण की मांग की गई है।

## कोटवारी जमीन पर कब्जा कर बेच रहा शराब, कलेक्टर से शिकायत



**रायगढ़।** कोटवारी जमीन पर एक व्यक्ति द्वारा कब्जा कर अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है, जिसे बंद कराने व उपरोक्त जमीन को कब्जाधारियों से मुक्त कराने के लिए ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। पूरा मामला ग्राम पंचायत झारगुड़ा के ग्राम नटवरपुर एवं देवबहाल का है, जहां के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि उनके गांव में कोटवार सेना की भूमि उपलब्ध है, उक्त जमीन पर किसी विक्रम सिंह के द्वारा कब्जा कर वहां पर शराब की अवैध रूप से बिक्री की जाती है, जिससे गांव वालो को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त परेशानियों को देखते हुए ग्राम पंचायत के द्वारा 4 जनवरी को ग्रामसभा का आयोजन किया गया और सभा में उक्त जमीन को कब्जे से मुक्त कराने एवं शराब की बिक्री को बंद करन का प्रस्ताव पास किया गया था। ग्रामवासियों ने बताया कि ग्रामसभा के द्वारा गांव में शराब की अवैध बिक्री को बंद करने का फैसला लिया जा चुका है, इसलिए कलेक्टर महोदय से निवेदन है कि अब गांव की कोटवार जमीन को कब्जे से मुक्त कराया जाए और गांव मे शराब की बिक्री को पूरी तरह से बंद कराया जाए।

## पिता-पुत्र से मारपीट, हत्या के प्रयास मामले में 8 आरोपी हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कोतरारोड़ थाना क्षेत्र के किरोडीमलनगर में हुई गंभीर मारपीट की घटना में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के अपराध में 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। घटना वार्ड क्रमांक 09, उच्चभिट्ठी रोड की है, जहां रविवार की दोपहर गोविंद राम नेताम और उनके पुत्र के साथ आरोपियों द्वारा मारपीट की गई थी।

पीड़ित गोविंद राम नेताम 45 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 09 किरोडीमल नगर ने थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोहल्ले के पीछे वरुण सिंह द्वारा गैलवे कंपनी के लिए दूसरे प्रांत से लाए गए मजदूर रह रहे हैं। 4 जनवरी की दोपहर उनका पुत्र छवि नेताम घबराया हुआ घर आया और बताया कि गैलवे कंपनी के कुछ लड़के जबरन साथ में काम करने का दबाव बना रहे थे। मना करने पर बुधमन उरांव, मंगलदीप उरांव, मनोज उरांव, प्रकाश गोप, अरूण करमाली, दीपक उरांव, कार्तिक उरांव और अशोक उरांव द्वारा गाली-गलौच करते हुए मारपीट की गई। घटना की जानकारी मिलने पर गोविंद राम नेताम अपने पुत्र के साथ पीछे मोहल्ले में, जहां ये सभी युवक रहते थे समझाने गए। आरोप है कि वहां सभी आरोपियों ने महाराजा गेट बंद कर दिया और हत्या की नीयत से पिता-पुत्र के साथ हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया। इसी दौरान आरोपी बुधमन उरांव ने डंडे से गोविंद राम नेताम के सिर पर वार किया, जिससे उनका सिर फट गया और खून बहने लगा। गंभीर स्थिति को देखते हुए गोविंद राम नेताम और उनका पुत्र किसी तरह जान बचाकर मौके से भागे। मामले में थाना कोतरारोड़ में अपराध दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## शिक्षक के सूने मकान का दरवाजा तोड़ चोरों ने जेवर समेत उड़ाए नकदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में एक बार फिर से चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए घर से नकदी समेत सोने के जेवर ले उड़े। इस बार एक शिक्षक के सूने घर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। चोरों ने घर में रखी अलमारी से करीब 70 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए। मामला छाल थाना क्षेत्र का है, जहां पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार छाल के अस्पताल पारा निवासी ओमप्रकाश महिलांगे 38 शासकीय प्राथमिक शाला बरभौना में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं। शुक्रवार को वे अपने घर में ताला लगाकर पूरे परिवार के साथ सक्ती जिले के ग्राम सारसकेला गए हुए थे। शनिवार को ओमप्रकाश को उनके पड़ोसी सेतराम राठिया ने मोबाइल फोन पर सूचना दी कि उनके घर का दरवाजा खुला हुआ है और चोरी की आशंका है। सूचना मिलते ही ओमप्रकाश तत्काल वापस रायगढ़ लौटे। घर पहुंचने पर ओमप्रकाश ने देखा कि मुख्य दरवाजा खुला हुआ था और घर के अंदर रखी अलमारी भी टूटी हुई हालत में खुली पड़ी थी। घर का सामान इधर.उधर बिखरा हुआ थाए जिससे चोरी की पुष्टि हो गई। जब उन्होंने अलमारी में रखे सामान की जांच की तो सोने और चांदी के करीब 70 हजार रुपए मूल्य के जेवरात गायब मिले। इसके बाद उन्होंने आसपास पूछताछ की, लेकिन कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी। घटना की सूचना मिलने पर छाल थाना पुलिस सोमवार को मौके पर पहुंची। पुलिस के साथ डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### उन्नत तकनीक व अनुदान से बढ़ा मछली उत्पादन, सालाना 3 लाख तक की आय

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से बदली हरिशंकर की तकदीर

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना ग्रामीण अंचलों में स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बनकर उभर रही है। इस योजना का प्रभावी उदाहरण रायगढ़ विकासखंड के ग्राम कलमी निवासी हरिशंकर पटेल हैं, जिन्होंने शासन की योजना का लाभ उठाकर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ की, बल्कि मछली पालन के क्षेत्र में एक सफल और आत्मनिर्भर मत्स्य कृषक के रूप में पहचान स्थापित की है।

लगभग पाँच वर्षों से मत्स्य पालन से जुड़े हरिशंकर पटेल ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत स्वयं की भूमि में तालाब निर्माण योजना का लाभ लिया। उन्होंने अपनी निजी भूमि पर 0.607 हेक्टेयर क्षेत्रफल में तालाब का निर्माण कर वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन की शुरुआत की। सामान्य वर्ग के मत्स्य कृषक होने के कारण उन्हें योजना के अंतर्गत 40 प्रतिशत अनुदान प्राप्त हुआ, जिससे तालाब निर्माण एवं प्रारंभिक व्यवस्थाओं में उल्लेखनीय सहयोग मिला। मत्स्य पालन विभाग द्वारा उन्हें रोहुए कतला एवं मृगल जैसी उन्नत प्रजातियों के मत्स्य बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए गए। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्वयं के संसाधनों से पंगास और रूपचंदा मछली के बीज का संचयन भी किया, जिससे उत्पादन में विविधता आई और आय के नए अवसर सृजित हुए। श्री पटेल प्रतिवर्ष नवंबर से जनवरी के मध्य मत्स्याखेट करते हैं।



बाजार में उनके द्वारा उत्पादित कतला, रोहु एवं मृगल मछलियां 160 से 180 रुपए प्रति किलोग्राम, रूपचंदा 130 रुपए प्रति किलोग्राम तथा पंगास 110 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय होती हैं। बेहतर प्रबंधन, समय पर बीज संचयन एवं वैज्ञानिक पद्धति अपनाने के कारण उनके तालाब से निरंतर उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त हो रहा है। वर्तमान में हरिशंकर पटेल प्रतिवर्ष लगभग 60 से 70 क्विंटल मछली का उत्पादन कर रहे हैं, जिससे उन्हें सालाना 2.50 लाख से 3 लाख रुपए तक का शुद्ध लाभ प्राप्त हो रहा है। यह आय न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर जीवन की ओर भी अग्रसर कर रही है। आज हरिशंकर पटेल प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के सफल लाभार्थी के रूप में अन्य मत्स्य कृषकों के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि यदि शासन की योजनाओं का सही दिशा में और वैज्ञानिक तरीके से लाभ उठाया जाए, तो ग्रामीण क्षेत्र में रहकर भी सम्मानजनक आय और स्थायी रोजगार प्राप्त किया जा सकता है।

## शराब के नशे में बेटे ने की पिता की हत्या, गिरफ्तार

**बिरमित्रपुर।** बिरमित्रपुर थाना अंतर्गत बरहाबांस हड़रतोली गांव में शुक्रवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां बेटे ने कथित रूप से अपने ही पिता की नृशंस हत्या कर दी। इस संबंध में बिरमित्रपुर थाना कांड संख्या 06/26 03 जनवरी धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन कुजूर उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी बरहाबांस हड़रतोली ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार रात करीब 9 बजे उसके चाचा समरा कुजूर 55 और उनके पुत्र सूरज उर्फ स्वराज कुजूर 28 के बीच विवाद हुआ था। विवाद के बाद समरा कुजूर का शव कमरे के अंदर पाया गया। बताया गया है कि आरोपी सूरज कुजूर शराब के नशे में आए दिन पिता से झगड़ा और मारपीट करता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी राम प्रसाद नाग मौके पर पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच पुलिस अधिकारी निरुपमा मोहपात्रा कर रही हैं। आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।





# अनुपम और रवि 'खोसला का घोसला 2' में साथ करेंगे काम

**मुंबई।** अनुपम खेर ने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भोजपुरी अभिनेता रवि किशन के साथ एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अनुपम ने रवि के साथ अपनी आने वाली फिल्म की घोषणा भी की और साथ ही उनकी जमकर तारीफ की। इस पोस्ट में अनुपम खेर ने बताया कि रवि किशन अब फिल्म 'खोसला का घोसला 2' की टीम में शामिल हो गए हैं। अनुपम ने आगे लिखा, 'हमने पहले भी साथ काम किया है, लेकिन इस बार का काम बहुत खास होगा। मैं रवि को एक शानदार अभिनेता, मेहनती सांसद और सबसे ज्यादा एक अच्छे इंसान के रूप में बहुत पसंद करता हूं। वह शांत, विनम्र, दयालु, मदद करने वाले, ईमानदार और भारत से बहुत प्यार करने वाले व्यक्ति हैं।

लाइफ Style

# सारा अर्जुन

## दर्शकों को दिया धुरंधर की सफलता का श्रेय

आदित्य धर की जासूसी थ्रिलर एक्शन फिल्म 'धुरंधर' की मुख्य अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर किया है। जो उनके सबसे खास धुरंधरों के बारे में है। सारा अर्जुन अपनी फिल्म 'धुरंधर' की जबरदस्त सफलता का आनंद ले रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म में सारा ने यालिना जमाली का किरदार निभाया है। 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर 759 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है। फिल्म की सफलता के बीच सारा ने अपने सबसे खास धुरंधरों के बारे में एक पोस्ट शेयर कर उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक खास नोट लिखा। 'धुरंधर' की शानदार सफलता के बीच, सारा ने इंस्टाग्राम पर एक भावपूर्ण नोट लिखकर दर्शकों को अपार प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। सारा ने लिखा, 'मेरे सबसे बड़े धुरंधर- दर्शक।' सारा ने आगे लिखा, 'लंबे समय से लोग कहते रहे हैं कि अब दर्शकों के पास लंबी कहानियों को देखने का धैर्य नहीं बचा है। उनका ध्यान जल्दी भटक जाता है और सिनेमा की जगह कम हो गई है। लेकिन आप सबने यह बात गलत साबित कर दिया कि जब लोग किसी चीज पर सच में विश्वास करते हैं, तो दर्शकों की ताकत कितनी बड़ी होती है।' सारा ने आगे लिखा, ''धुरंधर' की यह सफलता पूरी तरह आपकी वजह से है। आपका हर प्यार, आपका हर सपोर्ट इस फिल्म को आगे बढ़ाने में मददगार रहा। इसके लिए मैं जितना भी शुक्रिया कहूं, कम है।



हॉलीवुड मसाला




# ये हैं दुनिया का सबसे अमीर सितारा

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया के सबसे अमीर स्टार्स की बात करें तो टॉम क्रूज, शाहरुख खान जैसे कई और नाम शामिल है। लेकिन आज हम आपको ऐसे स्टार के बारे में बताएंगे जिसमें हॉलीवुड या बॉलीवुड का कोई एक्टर नहीं, बल्कि एक अमेरिकी फिल्ममेकर का नाम है। हम जिस शख्स कि बात कर रहे हैं, वो अमेरिकी फिल्ममेकर जॉर्ज लुकास हैं। उन्होंने अपने कॅरियर में सिर्फ 6 फिल्में बनाई हैं। लेकिन, वह दुनिया के सबसे अमीर फिल्म सेलिब्रेटी हैं।




# वीक एंड पर आया 'अवतार 3' की कमाई में उछाल

**मुंबई।** इन दिनों थिएटर्स में बॉलीवुड फिल्में 'धुरंधर' और 'इक्कीस' लगी हुई हैं। इन हिंदी फिल्मों के बीच हॉलीवुड मूवी 'अवतार फायर एंड ऐश' भी भारतीय सिनेमाघरों में सजी है। फिल्म 'अवतार 3' भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ क्लब में एंट्री ले चुकी है। यह फिल्म अपनी रिलीज के तीसरे वीक में है। ओपनिंग वीक में इस फिल्म ने 109.5 करोड़ रुपए कमाए थे। दूसरे सप्ताह में 50.7 करोड़ रुपएकमाए। शुक्रवार को 'अवतार 3' ने 3.4 करोड़ रुपए कमाए थे। शनिवार को 16वें दिन इसकी कमाई में एक बार फिर मामूली बढ़त दर्ज हुई है। फिल्म ने आज 3.87 करोड़ रुपए की कमाई की है। कुल मिलाकर अभी तक 'अवतार 3' ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 167.47 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। जेम्स फ्रांसिस कैमरून की फिल्म 'अवतार 3', 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



# रणवीर-राहा की खास तस्वीर से फैंस खुश


**मुंबई।** आलिया भट्ट ने रविवार को अपनी रणबीर कपूर और बेटी राहा कपूर की एक खास तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। राहा की इस फोटो को देखकर फैंस बेहद खुश हो गए हैं। आलिया भट्ट इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इसी बीच आलिया ने रविवार को एक खास तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर कर अपने फैंस को खुश कर दिया है। इस तस्वीर को आलिया ने 2026 के स्वागत के साथ शेयर किया है, जिसमें उनके साथ रणबीर और राहा भी नजर आ रहे हैं। आलिया ने इंस्टाग्राम पर नए साल के स्वागत में एक खास तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर समंदर किनारे की लग रही है। इस तस्वीर में रणबीर बेटी राहा को हवा में उठाए नजर आ रहे हैं और आलिया उन्हें चीयर करती दिखाई दे रही हैं।



# मम्मी-पापा बनने के बाद शूट पर साथ दिखे

**मुंबई।** कियारा आडवाणी ने हाल ही में एक प्यारी बेटी को जन्म दिया है। बेटी के जन्म के बाद कियारा अपने पति और एक्टर सिद्धार्थ के साथ पहली बार शूट पर नजर आईं। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने 15 जुलाई 2025 को बेटी का स्वागत किया। उन्होंने नवंबर 2025 में उसका नाम साराया मल्होत्रा रखा। आज सिद्धार्थ और कियारा बेटी के जन्म के बाद फिर से एक साथ शूट पर नजर आए। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा का एक वीडियमीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कियारा और सिद्धार्थ को एक साथ ओबी वैन में जाते देखा गया। कियारा और सिद्धार्थ शायद किसी प्रोजेक्ट के लिए साथ आए हैं, इसका पता नहीं चल पाया है, लेकिन बेटी के जन्म के बाद दोनों को पहली बार साथ देखकर उनके फैंस बेहद खुश हैं।

टीवी मसाला




# जय- माही ने साझा पोस्ट के जरिए किया अलग होने का ऐलान

**नई दिल्ली।** अभिनेता जय भानुशाली और माही विज की शादी टूट चुकी है। दोनों की राहें जुदा हो गई हैं। आज रविवार को दोनों ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसका एलान किया है। तलाक के एलान के बाद माही विज ने एक क्रिप्टिक पोस्ट किया है। माही विज और जय भानुशाली की शादीशुदा जिंदगी में अलगाव की खबरें काफी वक्त से चल रही थीं। रविवार को इन पर मुहर लग गई है। दोनों की राहें अलग हो गई हैं। जय और माही ने एक साझा सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अलग होने का ऐलान किया है। साथ ही यह भी कहा है कि वे अपने बच्चों की परवरिश साथ करेंगे। बच्चों के अभिभावक और अच्छे दोस्त बने रहेंगे। तलाक के ऐलान के कुछ देर बाद माही ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक अन्य पोस्ट शेयर किया है। माही विज ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी फोटोज शेयर की हैं। एक तस्वीर में वे चॉकलेट स्ट्रॉबेरी आइसक्रीम एंजॉय करती दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने 'द एक्सपोज रिटर्न' फिल्म का हिमेश रेशमिया का गाना 'आइसक्रीम खाऊंगी' बैकग्राउंड में लगाया है।। इसके अलावा माही ने एक अन्य तस्वीर भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की है। इसमें वे ब्लैक शॉर्ट्स और फिरोजी कलर का बैकलेस टॉप पहने पोज देती दिख रही हैं। माही विज ने जय से अलग होने के ऐलान से पहले एक अन्य पोस्ट भी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया था। इसमे लिखा था, 'ईश्वर की योजना। मैं यूनिवर्स पर विश्वास करूंगी'। जय भानुशाली और माही विज की शादी साल 2011 में हुई थी। साल 2017 में कपल ने अपने हाउस हेल्प के बच्चों राजवीर और खुशी को गोद लिया था। इसके दो साल बाद साल 2019 में माही ने बेटी तारा को जन्म दिया। सेपरेशन के एलान के साथ कपल ने यह स्पष्ट किया है कि अपने तीनों बच्चों की खातिर वे साथ रहेंगे।

## सुधा चंद्रन पर माता चढ़ीं, संभालना हुआ मुश्किल

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन की प्रसिद्ध अभिनेत्री सुधा चंद्रन को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसे देखने के बाद कोई भी हैरान हो जाएगा। इस वीडियो में सुधा को संभालना बेहद मुश्किल लग रहा है। यह किसी फिल्म या फिर टीवी सीरियल की शूटिंग नहीं है, बल्कि यह वीडियो माता की चौकी के दौरान का है। सुधा की हालत देखकर लग रहा है कि जैसे उन पर माता चढ़ गई है और वह खुद को कंट्रोल नहीं कर पा रही हैं। इस वीडियो में सुधा को सभी शांत करने की कोशिश कर रहे हैं और वहां पर मौजूद सभी के लिए उनको संभालना मुश्किल हो रहा है। एक्ट्रेस सुधा चंद्रन ने नागिन, क्योंकि सास भी कभी बहू थी, कस्तूरी और कहीं किसी रोज जैसे सीरियल में अपने किरदार से घर-घर में जगह बनाई है। वह एक शानदार डांसर हैं। उन्होंने 3 साल की उम्र से ही डांस सीखना शुरू कर दिया था। सुधा चंद्रन ने एक दुर्घटना में अपना पैर खोने के बाद कृत्रिम पैर के सहारे भरतनाट्यम नृत्यांगना और अभिनेत्री के रूप में वापसी की।



# राज, शम्मी और शशि के स्टारडम को आगे ले जाएंगे अगस्त्य नंदा

***नई दिल्ली।*** *अगस्त्य नंदा इन दिनों अपनी फिल्म इक्कीस को लेकर चर्चा में हैं। ये बड़े पर्दे पर उनकी पहली फिल्म है, इसके पहले जोया अख्तर की फिल्म आर्चीज में वह नजर आए थे, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इक्कीस में अगस्त्य लीड रोल में नजर आने वाले हैं, फिल्म 1 जनवरी 2026 को रिलीज हो चुकी है। फिल्म में अगस्त्य ने उस युवा ऑफिसर का रोल निभाया है जो 21 साल की उम्र में लड़ते-लड़ते शहीद हो गए थे. अगस्त्य, सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के नाती हैं। अगस्त्य की मां श्वेता बच्चन, अमिताभ बच्चन की बेटी हैं। लेकिन, कम ही लोग जानते हैं कि उनका राज कपूर के साथ भी रिश्ता हैं।*

## इक्कीस में एक्टिंग देख कर रणबीर से हो रही है तुलना



अगस्त्य नंदा अपने पिता की तरफ से राज कपूर से जुड़े हुए हैं। अगस्त्य के पिता, निखिल नंदा, रितु नंदा के बेटे हैं, जो लीजेंडरी एक्टर-डायरेक्टर राज कपूर की बेटी थीं। इस तरह अगस्त्य राज कपूर के परनाती हैं। यह रिश्ता अगस्त्य और उनकी बहन नव्या को मशहूर कपूर फिल्म परिवार से जोड़ता है। राज कपूर से अपने रिश्ते के जरिए वह रणबीर, करीना और करिश्मा कपूर से भी जुड़े हुए हैं। अगस्त्य रणबीर, करीना और करिश्मा कपूर के कजिन लगते हैं। इस तरह अगस्त्य कपूर फैमिली और बच्चन फैमिली दोनों से ही जुड़े हुए हैं।

**इक्कीस के बारे में**

इक्कीस सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की कहानी है, जो देश के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र पाने वाले सैनिक थे। इस फिल्म में अगस्त्य ने अरुण का रोल किया हैं। इसमें धर्मेंद्र ने भी अपनी आखिरी परफॉर्मेंस दी हैं। इस फिल्म के जरिए धर्मेंद्र के फैंस उनकी आखिरी परफॉर्मेंस को देख पाएंगे और इस वजह से भी फिल्म काफी चर्चा में हैं। इक्कीस 1 जनवरी को भारत में 4000 स्क्रीन पर रिलीज हो चुकी है।

# भारत की टॉप 5 फिल्मों में शामिल हुई धुरंधर 800 करोड़ पार पहुंची कमाई

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर ने अब एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। फिल्म की कमाई 800 करोड़ पार पहुंच गई है। इसी के साथ फिल्म सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारत की टॉप 5 फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर दुनियाभर में शानदार कमाई कर रही है। इस फिल्म में सिर्फ 31 दिनों के अंदर ही कई ऐसे रिकॉर्ड बना लिए हैं जिसे तोड़ पाना किसी दूसरी फिल्म के लिए मुश्किल होने वाला है। धुरंधर अपनी रिलीज के बाद से लगातार शानदार कमाई कर रही है। फिल्म के गाने, कहानी और एक्टर्स की परफॉर्मेंस की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है। इंडस्ट्री के कुछ दिग्गजों ने आदित्य धर के डायरेक्शन और रणवीर की मेहनत की तारीफ की है। अब फिल्म ने एक और रिकॉर्ड बना लिया है। फिल्म 800 करोड़ पार पहुंच गई है। जियो स्टूडियो ने एक पोस्ट शेयर करते हुए जानकारी दी कि फिल्म ने 806.80 करोड़ की कमाई कर ली है। पोस्ट में बताया गया है कि धुरंधर ने अपने पहले हफ्ते में 218 करोड़, दूसरे हफ्ते में सबसे ज्यादा 261.5 करोड़, तीसरे हफ्ते में 188.3 करोड़, चौथे हफ्ते में 115.70 करोड़, 29वें दिन 9.70 करोड़ और 30वें दिन 12.60 करोड़ की कमाई कर अब तक कुल 806.80 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। बता दें, इसी के साथ फिल्म भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 5 फिल्मों में शामिल हो गई है। **Sacnilk** के मुताबिक इस लिस्ट में नंबर 1 पर आमिर खान की दंगल है, दूसरे नंबर पर बाहुबली 2, तीसरे नंबर पर अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2, चौथे नंबर पर **RRR** और अब पांचवें नंबर पर धुरंधर ने अपनी जगह बना ली है। आगे आने वाले दिनों में ये फिल्म जबरदस्त कमाई करने वाली है।



## शक्ति शालिनी, चामुंडा, भेड़िया 2, स्त्री 3 और महा मुंजा हैं शामिल

# ये हैं मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की आगामी फिल्में

***नई दिल्ली।*** *मैडॉक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की कई फिल्में आने वाली हैं, जिनके किरदार आने वाली फिल्मों से एक-दूसरे से जुड़ते जाते हैं। इस लिस्ट में 'शक्ति शालिनी' से लेकर भेड़िया 2 तक कई फिल्में शामिल हैं। मैडॉक फिल्म्स की ज्यादातर फिल्में भारतीय लोककथाओं पर आधारित होती हैं, जिनमें स्त्री, भेड़िया, और मुंजा जैसी फिल्में शामिल हैं। शक्ति शालिनी, चामुंडा, भेड़िया 2, स्त्री 3, और महा मुंजा ये सब इसी यूनिवर्स का हिस्सा हैं।*

### शक्ति शालिनी

फिल्म शक्ति शालिनी की घोषणा फिल्म थामा की रिलीज के वक्त की गई थी। यह फिल्म एक सुपरहीरो जैसी महिला किरदार की कहानी बताएगी। फिल्म में मुख्य भूमिका अनीत पड्डा निभाएंगी। यह हॉरर-कॉमेडी के साथ सुपरनैचुरल ताकतों वाली कहानी होगी। यह पहले 31 दिसंबर 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे 24 दिसंबर 2026 को रिलीज किया जाएगा।

### चामुंडा

चामुंडा भी मैडॉक्स फिल्म का हिस्सा है। कथित तौर पर यह फिल्म देवी चामुंडा से इंस्पायर्ड लगती है। मुख्य भूमिका में आलिया भट्ट नजर आएंगी। विलेन के रोल में अक्षय कुमार नजर आएंगे। इसकी कहानी में डार्क हॉरर और मिस्ट्री ज्यादा होगी, और छोटे शहर में आतंक फैलाने वाली सुपरनैचुरल पावर पर फोकस किया जाएगा। यह फिल्म 4 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी।



### भेड़िया 2

पहली भेड़िया में वरुण धवन वेयरवुल्फ बनते हैं। भेड़िया 2 में वो कहानी आगे बढ़ेगी। फिल्म में वरुण धवन भास्कर का रोल दोहराएंगे। इसमें हॉरर, कॉमेडी और पहले से ज्यादा एक्शन होगा। फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक करेंगे। यह फिल्म 14 अगस्त 2026 को रिलीज हो सकती है।

### स्त्री 3

स्त्री और स्त्री 2 के सीक्वल, चंदेरी की रहस्यमयी स्त्री 3 में आगे की कहानी बढ़ेगी। फिल्म में श्रद्धा कपूर के अलावा राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना भी नजर आ सकते हैं। इस बार सरकटा और 'स्त्री' के रहस्य पर ज्यादा फोकस किया जाएगा, यानी कि इस बार हॉरर-कॉमेडी का मजा दोगुना होगा। यह फिल्म 13 अगस्त 2027 को रिलीज हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### राउरकेला रांची रूट में रातभर सीमित रही ट्रेनों की रफ्तार

**राउरकेला।** चक्रधरपुर रेलमंडल के अंतर्गत राउरकेला रांची मुख्य रेल मार्ग पर रविवार देर रात जंगली हाथी की मौजूदगी से रेल परिचालन प्रभावित रहा। बांगुरकेला रेलवे स्टेशन के समीप विषपुर क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 566 से 567 के बीच एक जंगली एकल हाथी के देखे जाने के बाद रेलवे प्रशासन ने एहतियातन ट्रेनों की गति सीमित कर दी। वन विभाग से हाथी के रेलवे ट्रैक के आसपास विचरण की सूचना मिलते ही रेलवे ने तत्काल सतर्कता बरतते हुए बंडामुंडा लिंक.सी केबिन से नुआगांव रेलवे स्टेशन के बीच गुजरने वाली सभी ट्रेनों की रफ्तार घटा दी। रात करीब एक बजे से सोमवार सुबह आठ बजे तक इस रेलखंड में ट्रेनों का संचालन अधिकतम 20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से किया गया, ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना को रोका जा सके। उल्लेखनीय है कि पिछले करीब दो महीनों से लिंक सी केबिन और नुआगांव रेलवे स्टेशन के बीच जंगली हाथियों की लगातार आवाजाही देखी जा रही है। इससे जहां रेल परिचालन बार बार प्रभावित हो रहा है, वहीं यात्रियों को भी समय पर गंतव्य तक पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पहले से ही विभिन्न कारणों से धीमी गति से चल रहे रेल परिचालन पर हाथियों की मौजूदगी ने स्थिति को और चुनौतीपूर्ण बना दिया है। रेलवे और वन विभाग की संयुक्त निगरानी में पूरे क्षेत्र पर लगातार नजर रखी जा रही है। रेल अधिकारियों का कहना है कि जंगली हाथियों और रेल यात्रियों, दोनों की सुरक्षा सर्वोपरि है। हाथियों की गतिविधियों को देखते हुए आगे भी आवश्यकता पड़ने पर इसी तरह के एहतियाती कदम उठाए जाएंगे, ताकि मानव वन्यजीव संघर्ष और संभावित दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सके।

### एसआईआर के तहत दस्तावेज सत्यापन के लिए समिति गठित

**बलरामपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के दौरान नो मैपिंग प्रकरणों के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी लॉगिन के माध्यम से नोटिस जारी कर संबंधितों को उपलब्ध करा दिया गया है। ऐसे सभी प्रकरण, जिनमें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बीएलओ द्वारा दस्तावेज अपलोड किए गए हैं, जिला निर्वाचन अधिकारी लॉगिन में प्राप्त दस्तावेज के सत्यापन हेतु कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कटारा द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। गठित समिति में अपर कलेक्टर आरएस लाल को अध्यक्ष व उप जिला निर्वाचन अधिकारी चेतन बोरघरिया, जिला योजना एवं सांख्यकी अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव, अधीक्षक भू-अभिलेख जितेंद्र कुमार डहरे, एलडीएम अंकित शर्मा, सब पोस्टमास्टर अजय कुमार सिंह, सहायक संचालक शिक्षा रामपथ यादव एवं ई-जिला प्रबंधक देवेश्वर कश्यप को सदस्य बनाया गया है।

## भाजपा का परचम आज उन्हीं के कारण लहरा रहा: सिन्हा

# अटल के विचारों से भारत में पड़ी सुशासन की नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर






भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में विधानसभा स्तरीय अटल सुशासन सम्मेलन का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य अटल जी के विचारों, सुशासन की अवधारणा तथा राष्ट्र निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि रंजन सिन्हा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल भारत के प्रधानमंत्री ही नहीं थे, बल्कि वे भारतीय लोकतंत्र की आत्मा थे। उन्होंने राजनीति को सेवा, मर्यादा और राष्ट्रहित से जोड़ा।रंजन सिन्हा ने कहा कि आज यदि भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बनकर उभरी है और उसका परचम पूरे देश में लहरा रहा है, तो इसके पीछे अटल बिहारी वाजपेयी का दूरदर्शी नेतृत्व, संगठन के प्रति समर्पण और वैचारिक स्पष्टता का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने आगे कहा कि अटल ने सुशासन को भाषणों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे योजनाओं और नीतियों के माध्यम से जमीन पर उतारकर दिखाया। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, ग्राम सड़क योजना, टेली संचार क्रांति, शिक्षा एवं आधारभूत ढांचे के विस्तार जैसे कार्यों ने देश को नई दिशा दी।उन्होंने यह भी कहा कि अटल जी की राजनीति संवाद, सहमति और समावेश की राजनीति थी, जिसमें विरोधियों के प्रति भी सम्मान की भावना रहती थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उसी सुशासन की परंपरा को आगे बढ़ा रहा है।

### शासन जनसेवा का माध्यम

जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने शासन को जनसेवा का माध्यम बनाया। उनके निर्णयों का लाभ आज भी देश को मिल रहा है। भाजपा सरकार अटल जी के दिखाए मार्ग पर चलकर छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में विकास को नई गति दे रही है।

### अटल राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत वाले व्यक्ति

पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी की राजनीति राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित थी। पोखरण परमाणु परीक्षण जैसे साहसिक निर्णयों ने भारत को विश्व मंच पर सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अटल जी के विचारों को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने किया। उन्होंने अतिथियों का स्वागत करते हुए सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने अंत में सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश नंदे, जनपद अध्यक्ष गंगा भगत, बगीचा नगरपंचायत अध्यक्ष प्रभात सिडाम, संतोष सिंह, गेंदबिहारी सिंह, शंकर गुप्ता, देवधन नायक, श्यामलाल भगत, श्रीमती रजनी प्रधान, श्रीमती शांति भगत,हदीस अंसारी, मुकेश सोनी, मंगलनाथ सिंह, गोविंद भगत, नेहरू सिंह, प्रभाकर यादव, देवलाल भगत, श्रीमती शारदा प्रधान, नसरुल्ला सिद्दीकी, राजकिशोर जायसवाल, राजू गुप्ता, बलवंत गुप्ता, सतीष गोस्वामी, श्रीमती रीना बारला, नागेंद्र भगत, कृपा भगत, मानू सोनी, दीपू मिश्रा, राजा सोनी, केशव यादव , आशु राय, सावित्री निकुंज, दिनेश बड़ाईक, अशोक यदाव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, पार्षदगण, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सम्मेलन में सभी उपस्थित जनों ने अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्शों को आत्मसात करने और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया।

## जिले में स्कूल भवन निर्माण के लिए करोड़ों की सौगात





**जशपुरनगर।** जिले के लिए बीते दो वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में स्वर्णिम उपलब्धियों से भरे रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले को एक के बाद एक महत्वपूर्ण स्वीकृतियां मिलीं, जिनसे न केवल उच्च शिक्षा, बल्कि विद्यालयी शिक्षा और आवासीय सुविधाओं को भी नई मजबूती प्राप्त हुई है।

जन-जन तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के संकल्प के साथ प्रदेश सरकार ने जशपुर के भविष्य को नई दिशा देने की शुरुआत कर दी है। सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में 24 नए पोस्ट एवं प्री-मैट्रिक छात्रावास भवनों के निर्माण के लिए 41 करोड़ 59 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है। इससे दूरस्थ ग्रामीण इलाकों से आने वाले विद्यार्थियों को सुरक्षित व बेहतर रहने की सुविधा मिलेगी और वे बिना बाधा के अपनी शिक्षा जारी रख सकेंगे। आदिवासी अंचल के बच्चों को मजबूत शैक्षणिक माहौल देने हेतु एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय फरसाबहार और ढूंढरुडांड के भवन निर्माण के लिए 37 करोड़ 80 लाख दू 37 करोड़ 80 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। ये दोनों संस्थान आदिवासी बच्चों के जीवन में नई आशा, नई ऊर्जा और बड़े सपनों की उड़ान देंगे। उच्च शिक्षा को और सुलभ बनाने के लिए मनोरा में शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन निर्माण हेतु 4.61 करोड़ रुपये की मंजूरी मिली है। साथ ही करडेगा और फरसाबहार में नए महाविद्यालयों की स्थापना का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है।

## सड़क सुरक्षा सप्ताहः आम जनता पर सख्ती, सरकारी वाहनों पर सवाल



**राउरकेला।** ओडिशा सरकार द्वारा पूंरे राज्य में सड़क सुरक्षा सप्ताह जोर शोर से मनाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना बताया जा रहा है। इसके तहत राउरकेला सहित राज्य के विभिन्न शहरों और कस्बों में परिवहन विभाग व पुलिस द्वारा व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि इस अभियान के क्रियान्वयन को लेकर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं।

सड़क सुरक्षा सप्ताह के नाम पर शहर के प्रमुख चौक चौराहों और व्यस्त मार्गों पर घंटों तक आम नागरिकों की भीड़ रोकी जा रही है। दोपहिया, चारपहिया और व्यावसायिक वाहनों की सघन जांच के कारण लोगों को अपने दैनिक कार्यों, कार्यालय जाने और आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर लंबा जाम लगने की स्थिति भी देखी जा रही है। जांच के दौरान आम वाहन चालकों से पंजीकरण प्रमाण पत्र आरसी, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा, फिटनेस, प्रदूषण प्रमाण पत्र और टैक्स से जुड़े दस्तावेजों की सख्ती से जांच की जा रही है। नियमों में कमी पाए जाने पर चालान और जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई जनहित और सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक है। लेकिन दूसरी ओर सवाल यह उठ रहा है कि क्या यही नियम सरकारी विभागों और संस्थानों में उपयोग हो रहे वाहनों पर भी समान रूप से लागू किए जा रहे हैं। शहर में चल रहे कई सरकारी कार्यालयों, निगमों और विभागों के वाहनों को लेकर यह चर्चा आम है कि उनमें से कई के पास वैध फिटनेस प्रमाण पत्र, अद्यतन पंजीकरण, प्रदूषण प्रमाण पत्र या बीमा नहीं है। कुछ मामलों में तो वाहन कर टैक्स बकाया होने की भी बातें सामने आ रही हैं।

आम जनता का आरोप है कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान कार्रवाई का अधिकतर बोझ केवल निजी वाहन चालकों पर डाला जा रहा है जबकि राउरकेला सरकारी अस्पताल व कई अन्य सरकारी अमले और संस्थानों के वाहनों की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा। इससे अभियान की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों का कहना है कि सड़क सुरक्षा तभी प्रभावी हो सकती है, जब नियम सभी के लिए समान रूप से लागू हों चाहे वह आम आदमी हो या सरकारी विभाग। केवल आम जनता का पीछा करने से सड़क सुरक्षा का उद्देश्य पूरा नहीं होगा। अब देखना यह है कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान सरकारी अमला इन सवालों पर क्या रुख अपनाता है और क्या सरकारी वाहनों की भी उसी सख्ती से जांच होगी, जैसी आम नागरिकों के वाहनों की हो रही है। आम लोग उम्मीद कर रहे हैं कि आने वाले दिनों में प्रशासन संतुलित और निष्पक्ष कार्रवाई करेगा, जिससे सड़क सुरक्षा का वास्तविक लक्ष्य हासिल हो सके।

## ट्रस्ट की बैठक में हनुमान वाटिका के चहुंमुखी विकास पर लिए गए अहम फैसले



**राउरकेला।** नव वर्ष के शुभारंभ के साथ ही शहर के प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल हनुमान वाटिका की प्रबंधन कमेटी जय हनुमान समिति चैरिटेबल ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार की शाम को हुई। यह बैठक ट्रस्ट के चेयरमैन दिलीप राय की अध्यक्षता में तथा सचिव शुभ पटनायक के संयोजन में सिविल टाउनशिप स्थित ट्रस्टी आरपी गुप्ता के कार्यालय में आयोजित की गई। यहां पर ट्रस्ट के बोर्ड सदस्यों द्वारा चेयरमैन दिलीप राय का आकर्षक पुष्पगुच्छ एवं शाल भेंटकर स्वागत किया गया तथा उन्हें नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर श्री राय ने भी सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें उत्तरीय ओढ़ाकर सम्मानित किया।

बैठक के प्रारंभिक चरण में हनुमान वाटिका परिसर में हाल ही में उद्‌घाटित वृद्ध आश्रम एवं स्वर्ण धनुष यात्रा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इसके पश्चात हनुमान वाटिका के समग्र कायाकल्प हेतु स्वीकृत फंड एवं उसके चरणबद्ध विस्तार पर विस्तार से विचार विमर्श हुआ। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्राथमिकता के आधार पर परिसर के भीतर सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था शीघ्र विकसित की जाएगी। इसके साथ ही सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए मार्केट कॉम्प्लेक्स की बैरिकेटिंग का निर्माण किया जाएगा। आगामी चरण में फंड उपलब्ध होते ही ग्रेनाइट एवं टाइल्स का उपयोग कर अनुभवी कारीगरों द्वारा सभी मंदिरों का सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण किया जाएगा। द्वितीय चरण में वर्तमान सुलभ शौचालय का स्थानांतरण कर नए प्रवेश द्वार के समीप लगभग 1400 वर्गफुट क्षेत्र में अत्याधुनिक शौचालय परिसर के निर्माण का भी निर्णय लिया गया। बैठक में आगामी फरवरी माह की 21, 22 एवं 23 तारीख को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

### सूने मकान में चोरी करने के मामले में 4 संदेही पकड़े गए

**अम्बिकापुर।** नवापारा स्थित किराए के सूने मकान का ताला तोड़कर 3 लाख से अधिक चोरी करने के मामले में पुलिस ने चार संदेहियों को पुलिस ने पकड़ा है। जबकि एक अन्य संदेही की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार शहर के नवापारा में किराए के मकान में रह रही कटनी क्षेत्र के बरही खितौली निवासी ज्योति गोस्वामी ने गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 दिसंबर को वृन्दावन गई थी। इसी बीच 2 जनवरी को मकान मालिक कृष्ण कांत ने फोन कर बताया कि उसके घर में चोरी हुआ है।

## सेक्टर 18 से गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



**राउरकेला।** शहर के सेक्टर 15 थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया है। थाना कांड संख्या 03/2026 में 05 जनवरी को धारा 20(बी) पप बी एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 5 जनवरी को सुबह करीब 6.10 बजे सेक्टर.15 थाना की सब.इंस्पेक्टर अंबिका मारंडी अपने थाना एसके भरसागर, जे टोप्पो एवं संजू किशन के साथ गश्ती ड्यूटी पर थीं। इसी दौरान उन्हें एक विश्वसनीय सूत्र से सेक्टर 18 मार्केट क्षेत्र के पास अवैध गांजा तस्करी की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को संदेहास्पद अवस्था में पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी की पहचान हृषिकेश प्रधान 54 वर्ष निवासी गिरिसोला, थाना बेलागुंठा, जिला गंजाम, वर्तमान पता मालिक बस्ती, सेक्टर 15, राउरकेला के रूप में हुई। उसके कब्जे से 1 किलोग्राम 940 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। आरोपी के पास गांजा रखने या परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं था और वह इसे अवैध बिक्री के उद्देश्य से ले जा रहा था। कार्यपालक मजिस्ट्रेट एवं स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में गांजा सहित होंडा सीबी शाइन मोटरसाइकिल ऑडी 14जे 1122, सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल फोन तथा 600 रुपये नकद जब्त किए गए। मामले की विवेचना सब इंस्पेक्टर गायाधर बड़ाक द्वारा की जा रही है।

## कल्याणी राय सेवा संगठन का सहानुभूति संदेश, कड़ाके की ठंड में कंबल वितरण



**राउरकेला।** कड़ाके की ठंड के बीच जरूरतमंद और असहाय लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कल्याणी राय सेवा संगठन की ओर से छेंड कलिंगा विहार स्थित बीजू पटनायक चौक पर कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सेवा कार्यक्रम पूर्व पार्षद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय ने स्वयं जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कल्याणी राय सेवा संगठन द्वारा लगातार किए जा रहे सामाजिक और मानवीय कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर, वंचित और असहाय वर्ग की सहायता करना केवल दायित्व नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा है। ऐसे समय में, जब कड़ाके की ठंड गरीबों और बेसहारा लोगों के लिए गंभीर चुनौती बन जाती है, तब इस तरह के सेवा कार्य अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायी होते हैं। दिलीप राय ने संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को इसी प्रकार निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य जारी रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर प्रयास और सामूहिक सहभागिता आवश्यक है। कल्याणी राय सेवा संगठन जिस समर्पण और संवेदना के साथ सेवा कार्य कर रहा है, वह अन्य सामाजिक संगठनों के लिए भी अनुकरणीय उदाहरण है। इस अवसर पर नववर्ष के शुभ अवसर को ध्यान में रखते हुए कल्याणी राय सेवा संगठन के वार्षिक कैलेंडर का भी औपचारिक विमोचन किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय तथा अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से कैलेंडर का विमोचन कर उपस्थित लोगों के बीच उसका वितरण किया। संगठन के कैलेंडर में सामाजिक सेवा, जनकल्याण और सकारात्मक संदेशों को प्रमुखता से दर्शाया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और लाभार्थियों ने संगठन की इस मानवीय पहल की खुले दिल से सराहना की। लोगों का कहना था कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में आपसी सहयोग, करुणा और संवेदना की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षीय संबोधन में पूर्व पार्षद जॉर्ज आनंद ने सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी जरूरतमंदों के लिए इसी तरह के सेवा कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प दोहराया।

### शादीशुदा महिला से छेड़छाड़ और मारपीट

**जशपुरनगर।** थाना फरसाबहार क्षेत्र में एक शादीशुदा महिला से छेड़छाड़ और मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पीड़िता उम्र 38 वर्ष ने थाना फरसाबहार में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 3 जनवरी 2026 की सुबह करीब 10:30 बजे वह अपने घर के आंगन में बर्तन धो रही थी और घर में अकेली थी। इसी दौरान गांव का ही आरोपी संजीत खलखो उम्र34 वर्ष चुपचाप पीछे से आया, उसे दबोच लिया और गलत नियत से साड़ी-ब्लाउज फाड़ दिए। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता को जमीन पर पटककर मारपीट की और मौके से फरार हो गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना फरसाबहार में आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 74 व 115(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को उसके घर से हिरासत में लिया। पूछताछ में अपराध स्वीकार करने और पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

**न्यायालय तहसीलदार खरसिया**
**जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
**समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन**
रा.प्र.क्र. 58/अ-21/2022-23
ग्राम- नहरपाली, तहसील खरसिया

कल्पना सिंह पति प्रदीप कुमार सिंह निवासी ग्राम जगतपुर रायगढ़, जिला रायगढ़ (छ.ग.) ..... आवेदक बनाम रंजनी पटेल पति श्री महेन्द्र कुमार पटेल व श्रीमती उमा पटेल पति श्री जगदीश प्रसाद पटेल, दोंनों निवासी ग्राम नहरपाली तहसील-खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)...... अनावेदक

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 58/अ-21/2024-25 में आवेदक कल्पना सिंह पति प्रदीप कुमार सिंह निवासी जगतपुर रायगढ़, जिला रायगढ़ द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, ग्राम नहरपाली प.ह.नं. 31 तहसील खरसिया स्थित में उसके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 390/4/1 व 390/5/1 कुल रकबा 0.104 हे. परिवर्तित भूमि हैं आवेदक को रकम की आवश्यकता होने से अनावेदकगण श्रीमती रंजनी पटेल पति श्री महेन्द्र कुमार पटेल व श्रीमती उमा पटेल पति श्री जगदीश प्रसाद पटेल दोंनों निवासी ग्राम नहरपाली तहसील-खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) को विक्रय करने की अनुमति बाबत निवेदन किया गया है। जिसके संबंध में अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय रायगढ़ के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जो कि जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। जिसकी सुनवाई तिथि 09.01.2026 को नियत किया गया है।

उक्त प्रकरण के खातेदार को राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन किया जाता है कि उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से पेशी दिनॉक 09.01.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथी बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनॉंक 26.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार खरसिया**

**न्यायालय तहसीलदार खरसिया**
**जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
**समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन**
रा.प्र.क्र. 59/अ-21/2022-23
ग्राम- नहरपाली, तहसील खरसिया

प्रदीप कुमार सिंह पिता राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम जगतपुर रायगढ़, जिला रायगढ़ (छ.ग.) .... आवेदक बनाम रंजनी पटेल पति श्री महेन्द्र कुमार पटेल व श्रीमती उमा पटेल पति श्री जगदीश प्रसाद पटेल, दोंनों निवासी ग्राम नहरपाली तहसील-खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग.).... अनावेदक

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 59/अ-21/2024-25 में आवेदक प्रदीप कुमार सिंह पिता राजेन्द्र सिंह निवासी जगतपुर रायगढ़, जिला रायगढ़ द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, ग्राम नहरपाली प.ह.नं. 31 तहसील खरसिया स्थित में उसके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 383/1 व 383/2 कुल रकबा 0.376 हे. परिवर्तित भूमि हैं आवेदक को रकम की आवश्यकता होने से अनावेदकगण श्रीमती रंजनी पटेल पति श्री महेन्द्र कुमार पटेल व श्रीमती उमा पटेल पति श्री जगदीश प्रसाद पटेल दोंनों निवासी ग्राम नहरपाली तहसील-खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) को विक्रय करने की अनुमति बाबत निवेदन किया गया है। जिसके संबंध में अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय रायगढ़ के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जो कि जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। जिसकी सुनवाई तिथि 09.01.2026 को नियत किया गया है।

उक्त प्रकरण के खातेदार को राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन किया जाता है कि उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से पेशी दिनॉक 09.01.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथी बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनॉंक 26.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार खरसिया**

**फार्म "अ"**
**राजस्व आदेश पत्र (रैवेन्यू आर्डर शीट)**
**न्यायालय तहसीलदार, बिलाईगढ़**
रा.प्र. क्रमांक ..../ब-121/2025-26
प्रकार- मूल मामला
मामले की श्रेणी ब-121
विषय : भिन्नता प्रमाण पत्र जारी करने बाबत।
ग्राम टुण्डरी, प.ह.नं.- 01
पकज कुमार वर्मा पिता अमरनाथ वर्मा
साकिन-टुण्डरी, प.ह.नं.-01, तहसील-बिलाईगढ़, जिला सारंगढ-बिलाईगढ़ (छ.ग) ... आवेदक विरूद्ध
छत्तीसगढ़ शासन ... अनावेदक
// ईश्तहार//

आवेदक श्री पंकज कुमार वर्मा पिता अमरनाथ वर्मा, निवासी ग्राम टुण्डरी, तहसील बिलाईगढ़, जिला सारगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) द्वारा उनके पिता स्व अमरनाथ वर्मा पिता पुनीराम वर्मा को टीएसबी 55 बिना प्रोजेक्ट (NCL) सोनभद्र उत्तर प्रदेश (भारत) कर्मचारी होना, जिनकी मृत्यु दिनाक 27.12.2024 को होने से कपनी में आवेदक की नियुक्ति होना है किन्तु अमरनाथ के सर्विस बुक में आवेदक का नाम पंकज कुमार वर्मा (PANKAJ KUMAR VARMA) पिता अमर नाथ वर्मा (AMAR NATH VARMA) दर्ज है जबकि आवेदक के आधार कार्ड, बैंक खाता, पेन कार्ड, 10 वी, 12वी एवं स्नातक स्तर के सभी अंकसूची में आवेदक का नाम पंकज कुमार वर्मा (PANKAJ KUMAR VERMA) पिता अमरनाथ वर्मा (AMARNATH VARMA) दर्ज है उक्त दोनों नाम को आवेदक एय पिता का ही नाम होना बताकर भिन्नता प्रमाण पत्र हेतु आवेदन मय दस्तावेज सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो प्रकरण दिनाक 07/01/2026 तक स्वय या मान्यता प्राप्त अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत दिनांक बाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/12/2025 को न्यायालय पदमुद्रा एव मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**तहसीलदार, बिलाईगढ़**



## खबर संक्षेप

### नशे में वाहन चलाता पकड़ाया बस चालक

**राउरकेला।** बसों से जुड़ी दुर्घटनाओं को रोकने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राउरकेला में परिवहन विभाग ने व्यापक वाहन जांच अभियान तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर चल रहे इस अभियान में बस चालकों की शराब सेवन स्थिति, वाहन फिटनेस, प्रदूषण प्रमाण पत्र और अन्य अनिवार्य दस्तावेजों की सघन जांच की जा रही है।रविवार की जांच में कोई बड़ी अनियमितता नहीं मिली, लेकिन सोमवार को हनुमान वाटिका चौक और पानपोश गांधी चौक पर अभियान के दौरान एक बस चालक को शराब के नशे में वाहन चलाने के आरोप में पकड़ा गया। चालक का कहना था, मैने आज शराब का सेवन नहीं किया है। कल पी थी। कान पकड़कर वादा करता हूँ कि आगे कभी भी शराब पीकर वाहन नहीं चलाऊँगा। बस राज्य से बाहर जा रही थी, जिससे यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न हुई। परिवहन विभाग ने चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और कहा है कि आने वाले दिनों में भी ऐसे जांच अभियान जारी रहेंगे, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो और यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहे।

### वार्षिक अनुरक्षण कार्य के लिए विद्युत कटौती

**सुंदरगढ़।** ओडिशा पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड ओपीटीसीएल की ओर से 132/33 केवी जोड़ा ग्रिड सब-स्टेशन में वार्षिक अनुरक्षण (मेंटेनेंस) कार्य किए जाने के कारण राउरकेला शहर अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र, कोइड़ा, तालसा, टेनसा सहित आसपास के क्षेत्रों में आगामी 06 जनवरी मंगलवार को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी प्रकार,132/33 केवी सुंदरगढ़ ग्रिड सब-स्टेशन में वार्षिक अनुरक्षण कार्य के चलते सुंदरगढ़ जिले के अंतर्गत सुंदरगढ़ टाउन का संपूर्ण क्षेत्र, बेडाबहाल, मझापड़ा, सबडेगा, बालिशंकरा सहित आसपास के इलाकों में आगामी 07 जनवरी बुधवार को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। यह अनुरक्षण कार्य स्थिर, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवा उपलब्ध कराने के लिए अत्यंत आवश्यक है। अतः सीमित समय के लिए विद्युत आपूर्ति में होने वाली असुविधा के लिए टीपीडब्ल्यूओडीएल प्रबंधन खेद व्यक्त करता है तथा संबंधित क्षेत्रों के सभी विद्युत उपभोक्ताओं एवं आम जनता से सहयोग की अपील करता है।

## निधन

### घनश्याम साव

**पुसौर।** पुसौर जनपद कार्यालय में पदस्थ ग्राम चिखली निवासी वरिष्ठ



करारोपण अधिकारी घनश्याम साव का बीते दिनांक को निधन हो गया। जानकारी के मुताबिक ये लगभग 61 वर्ष के थे जिन्हें एकाएक दिल का दौरा पड़ने के कारण उनका स्वांस रूक गई और वो चल बसे। उनके साथी करारोपण अधिकारी गण सहित जनपद के समस्त स्टाफ एवं सीईओ विवेक गोस्वामी ने उनके निधन पर गहरा दुख प्रकट किया वहीं उनके परिवार जनों को ढांढस बंधाने उनके घर पहुंचे एवं यथा संभव सहयोग पहुंचाने का प्रयास किया।

### खनन प्रभावित वनांचल में अधोसंरचना मजबूत होने से जीवन स्तर में आएगा बदलाव

# शासन की नीति से वनांचल में आएगा बड़ा बदलाव, गांव तक पहुंचेगी शिक्षा व विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खनन प्रभावित तमनार विकासखंड में जिला खनिज न्यास डीएमएफ मद से स्वीकृत विकास कार्यों के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र की तस्वीर पूरी तरह बदलने जा रही है। शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा, सड़क, विद्युत एवं अन्य अधोसंरचनात्मक सुविधाओं के विस्तार के लिए ग्राम-ग्राम में योजनाबद्ध ढंग से कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनका सीधा लाभ प्रत्यक्ष खनन प्रभावित वनांचल क्षेत्रों के नागरिकों को मिलेगा।

डीएमएफ मद से ग्राम अमलीढ़ोढ़ा में पीएमजीएसवाय सड़क से समकेरा गौरबहरी तक सड़क निर्माण कार्य के लिए 182.26 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस सड़क के निर्माण से अमलीढ़ोढ़ा सहित आसपास के गांवों को सालभर सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। इससे ग्रामीणों का संपर्क बाजार, स्वास्थ्य केंद्रए शैक्षणिक संस्थानों एवं प्रशासनिक कार्यालयों से बेहतर होगा, वहीं कृषि उत्पादों के परिवहन और स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। शिक्षा अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत बड़गांव एवं कचकोबा के हाई स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य के लिए प्रत्येक स्थान पर 35.18 लाख रुपए की स्वीकृति दी



गई है। वर्तमान में ग्राम पंचायत कचकोबा के हाई स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन अतिरिक्त कक्षों के निर्माण से छात्रों को पर्याप्त अध्ययन कक्ष उपलब्ध होंगे और शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में सहूलियत मिलेगी। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत जिवरी एवं सामारूमा में हाई स्कूल भवन निर्माणए ग्राम पंचायत महलोई में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन निर्माण तथा ग्राम पंचायत दक्षिण रेगांव में हाई स्कूल भवन निर्माण कार्यों के लिए कुल 3 करोड़ 92 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन नए विद्यालय भवनों के निर्माण से वनांचल एवं खनन प्रभावित क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को सुरक्षित] सुविधायुक्त और अनुकूल शैक्षणिक वातावरण मिलेगा जिससे विद्यालयों में नामांकन बढ़ेगा और ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी।

वहीं ग्राम पंचायत सराईपाली में वनधन केंद्र भवन मरम्मत एवं ट्रांसफार्मर स्थापना कार्य के लिए 7.03 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस कार्य के पूर्ण होने से वनधन केंद्र की कार्यक्षमता बढ़ेगी तथा स्थानीय स्तर पर वन आधारित आजीविका गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। बेहतर विद्युत सुविधा से स्व.सहायता समूहों, महिला समूहों एवं ग्रामीण उद्यमों को भी लाभ प्राप्त होगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में खनन प्रभावित तमनार विकासखंड के समग्र विकास के लिए डीएमएफ मद का प्रभावी और पारदर्शी उपयोग किया जा रहा है। कलेक्टर चतुर्वेदी ने कहा कि शासन के निर्देश के अनुरूप खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास में संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी तथा आवश्यकता के अनुरूप शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, विद्युत, पेयजल सहित अन्य जनहितकारी कार्यों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृति प्रदान की जाएगी। स्वीकृत कार्यों के पूर्ण होने के पश्चात तमनार विकासखंड के प्रत्यक्ष खनन प्रभावित एवं वनांचल क्षेत्रों में अधोसंरचना सुदृढ़ होगी, आवागमन आसान होगा, शिक्षा की पहुंच बढ़ेगी और आजीविका के नए अवसरों का सृजन भी होंगे।



## गोपालपुर में लाखों के विकास कार्यों का हुआ भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

जनपद पंचायत बिलाईगढ़ अंतर्गत सरसींवा समीपस्थ नवीन ग्राम पंचायत गोपालपुर में ग्राम पंचायत भवन, अतिरिक्त कक्ष, हाल सर्विस सेंटर एवं सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर टेकलाल साहू, दुर्गेश केशरवानी, सुनीति साहू जनपद सदस्य तथा मानमती पहारु साहू सरपंच की उपस्थिति रही। सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नवीन ग्राम पंचायत गोपालपुर के समग्र विकास की आवश्यकता पर चर्चा की गई। विकास कार्यों को गति देने हेतु पंचायत स्तर से आवश्यक प्रस्ताव प्रस्तुत करने पर जोर दिया गया। उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा योजनाओं के लाभ से संबंधित स्थिति पर संवाद किया गया। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय ग्रामीण योजना अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए सर्विस सेंटर हाल निर्माण हेतु 5 लाख रुपए तथा सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए 3 लाख 50 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम के पश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी कक्षों की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। स्वास्थ्य केंद्र की साफ सफाई एवं रख रखाव को बेहतर बताते हुए इसे बड़े अस्पताल के समतुल्य बताया गया।

## पूर्व माध्यमिक शाला खिचरी में जेंडर सखी संतोषी का प्रेरणादायी प्रयास

**कटेली।** जनपद पंचायत बरमकेला अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला खिचरी में नववर्ष के अवसर पर शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु सराहनीय पहल की गई। बुदेली क्लस्टर की जेंडर सखी संतोषी रात्रे द्वारा स्कूली बच्चों के शैक्षणिक स्तर को मजबूत करने के उद्देश्य से कॉपी एवं पेन का वितरण किया गया। नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ मिले इस उपहार से विद्यालय परिसर में बच्चों के बीच खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर नई ऊर्जा और आत्मविश्वास साफ झलकता नजर आया। बच्चों के साथ साथ विद्यालय के शिक्षकों ने भी जेंडर सखी संतोषी रात्रे की इस पहल की जमकर सराहना की और इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम बताया। इस अवसर पर पीआरपी चमेली जांगड़े भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस मौके पर जेंडर सखी संतोषी रात्रे ने कहा कि आज



के समय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा सबसे मजबूत आधार है। हर बच्चे का स्कूल से जुड़ना बेहद जरूरी है। शिक्षक और अभिभावक आपसी समन्वय बनाकर बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें और उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। हमारा प्रयास है कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी बच्चे आगे बढ़कर समाज और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने शिक्षकों से यह भी निवेदन किया कि वे पालकों से लगातार संवाद कर बच्चों की दर्ज संख्या बढ़ाने के लिए प्रेरित करें, ताकि शिक्षा का लाभ हर घर तक पहुंच सके। नववर्ष के इस आयोजन ने बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ साथ समाज को यह संदेश दिया कि सामूहिक प्रयासों से शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों और शिक्षकों ने जेंडर सखी संतोषी रात्रे का आभार व्यक्त किया और नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

### नवनियुक्त भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष का कोसीर में स्वागत

**कोसीर।** भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हितेश अजगल्ले बीते दिन भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कोसीर पहुंचे जहां कोसीर की हृदय स्थल अम्बेडकर चौक में कोसीर मंडल कार्यकर्ताओं के दारा उनका भव्य स्वागत किया गया। जिसे देखकर भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष हितेश अजगल्ले अभिभूत हुए और भाजपा कोसीर मंडल के कार्यकर्ताओ को दिल से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि मैं आप सबका प्यार पाकर बहुत खुश हूं। ऐसे ही हमारे पार्टी व भाजपा संगठन के लिए हमेशा प्यार व एकता बनाए रखना क्योंकि भाजपा हमेशा से ही हर इंसान व कार्यकर्ता के लिए समान भाव रखता है और निरंतर विकास को बढ़ावा देता है। इसके पश्चात युवा मोर्चा अध्यक्ष हितेश अजगल्ले, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर निराला, जिला कारयकारिणी सदस्य देवकूमारी लहरे, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बैजन्ती लहरे, भाजपा महामंत्री विशाल सोनी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने मंदिर जाकर माता कौश्लेशरी देवी मां की दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

## दो वर्षों में 297 कुपोषित बच्चों को मिला संपूर्ण उपचार व पोषण सहारा

**रायगढ़।** खनन प्रभावित क्षेत्रों में निवासरत अंतिम व्यक्ति तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने की राज्य शासन की प्रतिबद्धता को रायगढ़ जिले के तमनार क्षेत्र में साकार रूप मिलता दिखाई दे रहा है। जिला खनिज संस्थान न्यास निधि डीएमएफ रायगढ़ के माध्यम से स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में की गई योजनाबद्ध पहल ने कुपोषण जैसी गंभीर समस्या से जूझ रहे बच्चों के जीवन में नई उम्मीद जगाई है।

इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमनार में 10 बिस्तरीय पोषण पुनर्वास केन्द्र एनआरसी भवन का निर्माण डीएमएफ मद से निर्माण कर कुपोषण से मुक्त बनाने के लिए क्षेत्र को सौगात दी गई। इस भवन में आज पोषण पुनर्वास केंद्र के रूप में संचालित हो रही है और क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के लिए संजीवनी साबित हो रहा है। वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमनार में संचालित एनआरसी के माध्यम से



विकासखण्ड तमनार एवं विकासखण्ड घरघोड़ा के कुल 297 कुपोषित बच्चों को लाभ मिला। इन बच्चों को 15 दिवस के लिए एनआरसी में भर्ती कर चिकित्सकीय देखरेख के साथ-साथ प्रोटीन युक्त, संतुलित एवं पौष्टिक आहार प्रदान किया गया, जिससे उनके शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक विकास को भी मजबूती मिली। एनआरसी की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यहां बच्चों के साथ उनकी माताओं को भी देखरेख की प्रक्रिया में सहभागी बनाया जाता है। बच्चों की समुचित देखभाल के एवज में माताओं को प्रोत्साहन राशि भी प्रदाय की गई, जिससे परिवार की सहभागिता बढ़ी और उपचार की प्रभावशीलता सुनिश्चित हुई। इसका सकारात्मक असर यह रहा कि भर्ती अवधि के दौरान बच्चों के वजन, ऊर्जा स्तर और समग्र स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया। गौरतलब है कि रायगढ़ जिले का तमनार क्षेत्र खनन प्रभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित है। ऐसे क्षेत्रों में डीएमएफ मद से बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए राज्य शासन द्वारा योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं।

## स्कूल में उत्पात मचाने वाला गिरफ्तार

**मालखरौदा।** शराब के नशे में चाकू लेकर स्कूल में घुस कर शिक्षक के साथ गाली गलोच करते हुए हंगामा करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम सेन्दुरस का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पुरानी बस्ती सेन्दुरस निवासी उमेश कुमार यादव पिता रम्हैया लाल यादव उम्र 30 साल गांव के ही स्कूल में शराब के नशे में चाकू लेकर घुस गया। वह तिजराम हेड मास्टर को गाली गलौज करते हुए स्कूल में हंगामा मचाने लगा। किसी तरह शिक्षकों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। मामले की रिपोर्ट मालखरौदा थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने उमेश कुमार यादव के




खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस ने आरोपी को धारा 296, 351(2), 132 बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर 4 जनवरी को जेल दाखिल कर दिया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी मालखरौदा प्रवीण राजपूत, सहायक उपनिरीक्षक दिलीप खलखो, आरक्षक अरुण नेताम सेतराम पटेल का योगदान रहा।

## पुसौर में अखिल भारतीय ड्यूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आमंत्रण कप का भव्य शुभारंभ

**पुसौर।** अखिल भारतीय ड्यूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता पुसौर 2026 आमंत्रण कप का भव्य शुभारंभ रविवार को हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत पुसौर की अध्यक्ष हेमलता चौहान थीं। अध्यक्षता नगर पंचायत पुसौर की अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में बृजेश गुप्ता सदस्य जिला पंचायत रायगढ़, लक्ष्मी जीवन पटेल सदस्य जिला पंचायत रायगढ़, भाग्यवती डोलनारायण नायक सदस्य जिला पंचायत रायगढ़, जैमिनी गुप्ता मंडल अध्यक्ष भाजपा पुसौर, संतोष पांडे अध्यक्ष जिला क्रिकेट संघ




रायगढ़, रामचंद्र शर्मा सचिव जिला क्रिकेट संघ रायगढ़ उपस्थित थे। उद्घाटन मैच डीसीएस रायगढ़ वर्सेस छत्तीसगढ़ इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें रायगढ़ डीसीएस की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और छत्तीसगढ़ इलेवन को क्षेत्ररक्षण करने के लिए आमंत्रित किया। रायगढ़ की ओर से राहुल सिदार ने 31 गेंद में 28 रन, आसिफ खान 69 गेंद में 64 रन, विकास द्विवेदी ने 38 गेंद 38 रन बनाए। रायगढ़ डीसीएस ने निर्धारित 30 ओवर में 154 रन बनाए। छत्तीसगढ़ 11 की ओर से हर्ष राठौर ने सर्वाधिक 2 विकेट लिए। आशीष चौहान, लवयम राजपूत, सबान खान 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ 11 की टीम की ओर से लवयम राजपूत ने 30 गेंद में 17, सबान खान 55 गेंद में 45 रन, प्रियांशु केसरी 29 गेंद पर 20 रन बनाए। इस तरह छत्तीसगढ़ 11 की टीम निर्धारित 30 ओवर से पहले 128 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

## शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में काइट फेस्टिवल का होगा आयोजन

**रायगढ़।** सामाजिक संस्था जेसीआई रायगढ़ सिटी द्वारा शहरवासियों के मनोरंजन एवं सांस्कृतिक एकता को ध्यान में रखते हुए आगामी 10 एवं 11 जनवरी को दो दिवसीय भव्य काइट फेस्टिवल पतंग उत्सव का आयोजन शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम मिनी स्टेडियम में किया जा रहा है।

इस अवसर पर आसमान रंग बिरंगी एवं आकर्षक डिजाइनों वाली पतंगों से सजा नज़र आएगा। बच्चों व युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी तथा विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जेसीआई रायगढ़ सिटी के अध्यक्ष जेसी सीए गुलशन अग्रवाल ने बताया कि इस उत्सव का उद्देश्य शहर के परिवारों को एक साथ जोड़ना, परंपराओं के प्रति उत्साह बढ़ाना और सुरक्षित माहौल में मनोरंजन उपलब्ध कराना है। आयोजन स्थल पर सुरक्षा, बैठने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं। कार्यक्रम विवरण 10 जनवरी उद्घाटन दिवस इनॉगुरल सेशन एवं फ्लैग होस्टिंग शाम को लाइव बैंड प्रस्तुति माइंड रीडर डॉ. आर्या चंदेल का विशेष शो कार्निवल परेड 11 जनवरी सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक विशेष काइट शो गुजरात के प्रोफेशनल काइट आर्टिस्ट ग्रुप द्वारा शाम को म्यूजिकल हाउज़ी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### श्रद्धालुओं व यात्रियों को मिली बड़ी राहत

# बिलाईगढ़ से प्रयागराज सीधी बस सेवा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

क्षेत्र के यात्रियों के लिए एक बड़ी और बहुप्रतीक्षित सुविधा की शुरुआत हो गई है। चंडी एंड महेंद्रा ट्रैवल्स द्वारा सांकरा बसना बिलाईगढ़ मार्ग होते हुए प्रयागराज के लिए सीधी यात्री बस सेवा प्रारंभ की गई है। इस नई सेवा से श्रद्धालुओं, व्यापारियों, विद्यार्थियों तथा आम यात्रियों को समय और खर्च दोनों में उल्लेखनीय राहत मिलेगी।

यह बस सेवा बिलाईगढ़ से प्रतिदिन दोपहर 4 बजे रवाना होगी, जो बसना, सांकरा, पिथोरा, बिर्रा, चांपा, कोरबा, कटघोरा, अंबिकापुर, रामानुजगंज, रेणुकूट




आदि प्रमुख स्थानों से होते हुए अगली सुबह 7 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। वहीं वापसी में बस प्रयागराज से शाम 4.30 बजे प्रस्थान कर निर्धारित समयानुसार बिलाईगढ़ पहुंचेगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित यात्रा, तय समय सारिणी एवं संपर्क व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। टिकट बुकिंग एवं जानकारी के लिए बिलाईगढ़ कार्यालय के मोबाइल नंबर 9754132887, 7503168888 एवं 7999085141 पर संपर्क किया जा सकता है। अंबिकापुर एवं प्रयागराज कार्यालय के लिए भी पृथक संपर्क नंबर जारी किए गए हैं। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि प्रयागराज जैसे बड़े धार्मिक, शैक्षणिक एवं व्यापारिक केंद्र के लिए सीधी बस सेवा शुरू होने से लोगों को अब बार बार वाहन बदलने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी। विशेष रूप से कुंभ, स्नान पर्व, प्रतियोगी परीक्षाओं, इलाज एवं व्यापारिक कार्यों के लिए जाने वाले यात्रियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि मारुति साहू, जिला पंचायत सभापति कुंजराम पटेल, पार्षद घसिया यादव, पार्षद सौभाग्य शरण सिंह, अर्जुन लाल साहू सरपंच नगरदा, बिरेंद्र साहू आदि शामिल थे।

